हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]


EXPERT COACHING CLASSES
NEET / IIT-JEE INSTITUTE
Summer Classes
10th / 11th / 12th ICSE / CBSE / CG BOARD
Batches Starting from 22nd April-2024
ECC EXPERT COACHING CLASSES Learn From The Best
2 Yrs. Course
11th + NEET / JEE
12th Board+ NEET / JEE
Classes Start from 11 Apr. 2024
FOUNDATION
Learn NEET / JEE
8th 9th 10th
Classes Start from 11 Apr. 2024
REGULAR CLASSES
8th 9th 10th
11th 12th
ICSE / CBSE / CG BOARD
Classes Start from 11 Apr. 2024
Bal Bharti Public School Campus, Baldev Bagh, Rajnandgaon Cont. - 76111-66661 / 96448-96441

# चुनावी जंग में मनरेगा मजदूर से लेकर करोड़पति भी आजमा रहे हैं भाग्य

## लोकसभा चुनाव के रण में कुल 15 प्रत्याशी, कांग्रेस-भाजपा के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी भी कर रहे गांवों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव की जंग में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य के राजनैतिक दलों के अलावा चुनावी मैदान में उतरे निर्दलीय प्रत्याशी भी पूरे दमखम के साथ प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। कुछ प्रत्याशी जहां अपनी स्वयं की कार से प्रचार कर रहे हैं। वहीं कुछ ने बाईक और स्कूटी के जरिये गांव-गांव में पहुंचकर अपने पक्ष में समर्थन मांग रहे हैं।चुनावी जंग में मनरेगा मजदूर से लेकर करोड़पति प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।



### चुनावी जंग में मनरेगा मजदूर भी



*लोकसभा चुनाव की जंग में संसदीय जिले का एक मनरेगा मजदूर भी अपना भाग्य आजमा रहा है। राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से चुनावी मैदान में उतरे लाखन सिंह टंडन का कहना है कि उन्होंने अभी तक पंडरिया, कवर्धा, डोंगरगांव और राजनांदगांव का दौरा पूरा कर लिया है। सभी जगह उन्हें अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा है। वे कहते हैं कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त होकर उन्होंने चुनाव लड़ने का फैसला लिया था। चुनाव जीतने के बाद मनरेगा की मजदूरी दर बढ़ाने, महिलाओं को सालाना एक लाख 20 हजार रुपए देने का वायदा भी वे कर रहे हैं।*

### बाइक से 1200 गांवों का दौरा




लोकसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी भुवन साहू पिछले 20 दिनों से अपनी बाईक से गांव-गांव का दौरा कर जनसंपर्क कर रहे हैं। वे कहते हैं कि अभी तक करीब 1200 गांवों का दौरा पूरा हो चुका है और जनता का समर्थन उन्हें लगातार मिल रहा है। जनता की समस्याओं पर किसी का ध्यान नहीं है। वे कहते हैं कि जनता यदि उन्हें मौका देती है तो वे नेताओं की पेंशन को बंद कराएंगे और रिश्वतखोरी के खिलाफ भी अभियान चलाएंगे। श्री साहू पेशे से स्कूल बस में परिचालक है और एडवांस लेकर वे चुनावी मैदान में उतरे हैं।

### तीन सौ गांवों में जनसंपर्क



बसपा से चुनाव मैदान में उतरे देवलाल सोनवंशी का कहना है कि नामांकन दाखिले के बाद अभी तक वे संसदीय क्षेत्र की सभी विस के करीब तीन सौ गांवों का दौरा पूरा कर लिया है। वे ओबीसी बाहुल्य गांवों में ज्यादा फोकस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस द्वारा किसानों को लगातार धोखा दिया जा रहा है। सांसद से लेकर विधायक तक कोई भी जनता की समस्याओं के निराकरण की दिशा में काम नहीं करते है। यही कारण है कि वे चुनावी मैदान में हैं। एलआईसी का काम करने वाले श्री सोनवंशी कलार समाज के प्रदेश सचिव और पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के महासचिव भी हैं।

### दलों की वॉलपेटिंग कर उतरे निर्दलीय मैदान में



*लोकसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी एएच सिद्धीकी दो संसदीय क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरे हुए हैं। राजनांदगांव के अलावा दुर्ग संसदीय क्षेत्र से वे अपना भाग्य अजमा रहे हैं। श्री सिद्धीकी कहते हैं कि बढ़ती बेरोजगारी से त्रस्त होकर वे चुनावी समर में उतरे हैं। वे स्कूटी से ही प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों की वॉल पेंटिंग का ठेका लेकर उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए पैसे जुटाए और दोनों क्षेत्रों से उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। इसके पहले भी वे वैशालीनगर विस और महापौर का चुनाव लड़ चुके हैं।*

### रिटायर्ड चीफ इंजीनियर लड़ रहे चुनाव



सीएसपीडीसीएल रायपुर से रिटायर्ड हुए एडिशनल चीफ इंजीनियर बसंत मेश्राम बहुजन मुक्ति पार्टी से चुनावी मैदान में उतरे हुए हैं। चुनाव में प्रचार-प्रसार के लिए उन्होंने करीब आधा दर्जन वाहन भी लगा रखे हैं। वे कहते हैं कि अभी तक करीब सौ गांव का दौरा हो गया है। उन्होंने कहा कि जनता का यदि आशीर्वाद उन्हें मिला तो वे बीएनसी मिल को फिर से शुरू करने की दिशा में काम करेंगे। इसके अलावा निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य फ्री और रोजगार बढ़ाने के लिए वे पहल भी करेंगे। जनता भाजपा और कांग्रेस से परेशान हैं। यही कारण है कि जनता हमारी पार्टी को काफी पसंद कर रही है।

---

## 24 अप्रैल को थमने वाले प्रचार से पहले भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत, आज मंत्री करेंगे प्रचार

# सीएम साय का धुंआधार प्रचारः शहर के चार स्थानों में नुक्कड़ सभा, कहाः नांदगांव की भूपेश ने की उपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज यहां भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में चार सभाएं की। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते कहा कि अभी का चुनाव छोटा-मोटा चुनाव नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव की उपेक्षा की।

श्री साय ने शहर के नंदई चौक में सोमवार शाम नंदई चौक में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से भारतवासी को ऐसा प्रधानमंत्री मिला, जो गरीब का बेटा है, चाय बेचने वाले का बेटा है, जो 140 करोड़ भारतवासी को अपना परिवार मानते हैं। वे सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास और प्रयास को मानते हुए देश के गांव और गरीब मजदूर सब वर्ग के रात-दिन चिंता करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्षों में देश को बहुत आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने पहले ही दिन सांसद में कहा था कि मेरी सरकार गांव के लिए समर्पित सरकार रहेगी और आपने देखा कि पहला पांच साल पूरा गरीब के लिए समर्पित रहे।

## शहरी वोटरों को साधने की कोशिश, युवा मोर्चा ने निकाली बाइक रैली



### भाजयुमो ने किया जोशीला स्वागत

भाजयुमो ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री श्री साय की सभास्थल तक अगुवाई की। इस दौरान पटाखे फोड़कर एवं पुष्प वर्षा कर श्री साय का भव्य स्वागत किया गया एवं जमकर नारे लगाए गए। सभा के दौरान हल्की बूंदाबांदी होने के बाद भी बड़ी संख्या में लोगों की सभा में उपस्थिति रही। सभा को पूर्व सांसद अशोक शर्मा, अभिषेक सिंह, भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कांग्रेस को घेरा।

### देर शाम तक शहर में ली सभा

नंदई चौक में सभा को संबोधित करने के पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय शहर के कन्हारपुरी, चिखली, लखोली क्षेत्र में भी देर रात तक सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही। वहीं बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सभा के दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बनता था। रास्ते भर एवं सभा स्थल में मोर्चा कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी की।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में हुए बड़े काम

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अगले पांच साल में बड़े-बड़े काम हुए, श्रीराम मंदिर निर्माण हुआ, कश्मीर में धारा-370 हटा, मुस्लिम माताओं के सशक्तिकरण के लिए तीन तलाक समाप्त हुआ। आने वाले पांच साल में आर्थिक क्षेत्र में तीसरा सबसे बड़ा ताकत बनाना है। उन्होंने कहा कि वे भाजपा प्रतयाशी संतोष पांडेय के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं। राजनांदगांव का विकास पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन ने किया।

सांसद पांडेय ने रेलवे से लेकर केन्द्रीय योजनाओं का लाभ क्षेत्र को दिलाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया, भ्रष्टाचार हुआ, घोटाला हुआ। कांग्रेस ने यहां से भूपेश बघेल को प्रत्याशी बनाकर हमारे मेहनत को आसान कर दिए। भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं, घर नहीं जोड़ पा रहे हैं और देश जोड़ने निकले हैं। उन्होंने सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय के लिए लोगों से आशीर्वाद मांगा। तत्पश्चात वे कन्हारपुरी, चिखली, मोतीपुर के सभाओं को संबोधित किया।


### पांडेय ने अपने कार्य गिनाए

भाजपा प्रत्याशी सांसद संतोष पांडेय ने लोगों से आशीर्वाद मांगते हुए क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी देते कहा कि पूर्व में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने केन्द्र की योजनाओं के काम को रोका। कांग्रेस सत्ता में आती है तो काम रोकते हैं भाजपा आती है तो कामों की बौछार होती है। श्री पांडेय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव की उपेक्षा की।

---

## दक्षिण से आ रही नमी

# हल्की बारिश से बदला मौसम, लुढ़केगा पारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दक्षिण से आने वाली नम हवाओ के चलते अंचल में एक बार फिर मौसम बदल गया है। सोमवार को अंचल के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा देखने को मिली, आज भी बारिश के आसार है। हालांकि सोमवार को तापमान 42 डिग्री पर ही रहा, लेकिन इसके आज कुछ कम होने की सभांवना है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ऊपर स्थित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका/ हवा की अनियमित गति दक्षिण छत्तीसगढ़ से दक्षिण केरल तक स्थित है। प्रदेश में कल 23 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, ओला वृष्टि होने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है।

### बारिश के लिए आरेंज अलर्ट

सोमवार को शाम छह बजे मौसम विभाग द्वारा प्रदेश के करीब आधा दर्जन जिलो के लिए बारिश को लेकर तीन घंटे के लिए अलर्ट जारी किया गया है। इनमें कवर्धा और राजनांदगांव जिले के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया था। इसके अलावा मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़, बलौदाबाजार, बीजापुर, नारायणपुर के साथ दंतेवाड़ा जिले शामिल रहें। वहीं जिलो में तापमान की बात करे तो राजनांदगांव जिले में अधिकतम पारा 42 डिग्री पर रहा, दुर्ग में 40.6, रायपुर में 35.8, बिलासपुर में 29 और अंबिकापुर में 28.5 डिग्री पर तापमान रहा।

---

### हनुमान जन्मोत्सव आज

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में कल मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। चकनार, सड़क अतरिया, नर्मदा सहित अन्य गांव के हनुमान मंदिर में भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर भोग लगाया जाएगा। अनेक गांवों में शोभायात्रा की तैयारी है।

### माय एंगल




## आज धूमधाम से निकाली जाएगी शोभायात्रा, जगह-जगह भंडारा

# शहर में निकली बाइक रैली, गूंजा जय बजरंगबली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हनुमान जयंती आयोजन समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव को लेकर सोमवार की दोपहर एक बाईक रैली शहर में निकाली गई। इस रैली में बजरंगबली के जयकारे लगते रहे। शहर के प्रमुख इलाकों से होते हुए यह यात्रा गुजरी। आज समिति द्वारा शोभायात्रा शहर में निकाली जाएगी। इसके अलावा शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भी अलग-अलग समितियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया है।



आयोजन समिति के झमन देवांगन एवं राजेंद्र यादव ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन कल मंगलवार को म्युनिसिपल स्कूल से दोपहर 3 बजे बाजा-गाजा, भजन मंडली, डीजे, बैंड पार्टी एवं भिन्न-भिन्न आकर्षक कार्यक्रमों के साथ श्री हनुमान की शोभायात्रा म्युनिसिपल हाईस्कूल गांधी सभागृह से निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि हनुमान की शोभायात्रा की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन विगत 10 वर्षों से शासन-प्रशासन, निगम प्रशासन, पुलिस प्रशासन, सामाजिक संगठनों, धार्मिक न्यासों, समाजसेवी संस्थाओं सहित भक्तों के सहयोग से आयोजित हो रहा है।

### इस रूट से निकलेगी यात्रा

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि द्वितीय दिवस आज मंगलवार को दोपहर 3 बजे हनुमान महाराज की पूजा-अर्चना के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा म्युनिसिपल हाईस्कूल गांधी सभागृह से दोपहर 3 बजे शुरू होकर जीई रोड, गुरुद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, हलवाई लाइन, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, सुरजन गली, कामठी लाइन, भारत माता चौक, सदर बाजार, बसंतपुर थाना चौक, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक, जूनीहटरी, गुडाखू लाइन, भगत सिंह चौक, महावीर चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए म्युनिसिपल स्कूल गांधी सभागृह में संपन्न होगी। तत्पश्चात आयोजन समिति द्वारा भक्तों के लिए प्रसादी वितरण भी किया जाएगा।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • बुखार • पेट रोग
• शुगर • खांसी • किडनी
• थायराइड • छाती रोग • लकवा
• माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### योग साधकों ने लिया मतदान करने का संकल्प

**छुईखदान।** योग समिति छुईखदान के सदस्यों ने निरोग रहने चलाए जा रहे निः शुल्क योग केंद्र में राष्ट्रीय कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आगामी 26 अप्रैल को मतदान करने का संकल्प लिया। स्वास्थ्य के लिए नियमित योग, व्यायाम, प्राणायाम, जॉगिंग करने महिला पुरुष एवं बच्चों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए स्वयं मतदान करने और आसपास के लोगों को प्रेरित करने का संकल्प योग प्रशिक्षक मोहन जंघेल ने दिलाया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अधिकारी कमल नारायण जंघेल, कर्मचारी तथा योग साधक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### डिहूराम बने अध्यक्ष

**सोमनी।** ग्राम खुटेरी में साहू समाज ने कबीर पंथी साहू समाज का गठन किया है। कार्यकारिणी में अध्यक्ष डिहूराम साहू, उपाध्यक्ष त्रिकाल साहू, सह उपाध्यक्ष चंदरुराम साहू, सचिव असवन साहू, सहसचिव नरेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष पुनुराम साहू, संदेशवाहक बिहारी लाल साहू, संरक्षक रोशन लाल साहू, नंचूराम साहू, सुकालू राम साहू, रणजीत साहू, शिवकुमार साहू हैं।

### अवैध कारोबार का अड्डा बना मेढा



**डोंगरगढ़।** मेढा में प्रशासन को हर साल बड़ा नुकसान हो रहा है। यहां प्रति वर्ष 10 से 15 लाख ईटों का निर्माण किया जाता है वह भी बिना अनुमति के।यहां प्रति हजार ईट 6 से 6 हजार की बेचा जाता है। मेढा ग्रामीणों ने बताया कि खनन माफिया रेत निकलने के लिए एनीकट को खोल कर पानी बहा देते है, जिसके कारण किसानों को पानी की समस्या होती है।

### कार्यकर्ताओं की बैठक



**डोंगरगढ़।** कलस्टर प्रभारी राजेश मूणत एवं शहर अध्यक्ष अमित जैन ने शहर मंडल के 31 बूथ एवं 6 शक्ति केन्द्र प्रभारियों को उनकी जिम्मेदारी के बारे में विस्तार से बताया।

### प्रसादी वितरण



**डोंगरगढ़।** जिन शासन नायक 1008 महावीर भगवान के जन्म कल्याणक के मौके पर सेठ सिंघई भागचंद जैन काम्प्लेक्स में प्रसादी वितरण किया गया।

### 35 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश



**पटेवा।** जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर गत दिनों भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय का प्रचार करने मोहंदी पहुचे थे। प्रचार के दौरान मोहंदी की 20 महिला, 15 युवाओं ने भाजपा प्रवेश किया। उन्हे श्री श्यामकर ने भाजपा का गमछा पहनाकर प्रवेश कराया। इस दौरान घुमका मंडल के पूर्व अध्यक्ष महेश यादव, प्रतीक्षा भंडारी, किरण विनोद बारले, तिलेश्वर सिन्हा, ढालसिंह साहू, हेमंत सहित अन्य उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी में बेवजह शिक्षकों को किया जा रहा परेशान

# खाता खुलवाने बना रहे दबाव फेडरेशन ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

निजी बैंक का फायदा बताकर शिक्षकों का सेलरी एकाउंट निजी बैंक में कतिपय समंवयकों द्वारा खुलवाने पर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने आपत्ति दर्ज कराई है।

जिला अध्यक्ष रामलाल साहू ने कहा कि भीषण गर्मी में बेवजह शिक्षकों को परेशान करते हुए विभाग के कुछ कतिपय समंवयकों द्वारा फेडरेशन के भोले भाले शिक्षकों को डीईओ, बीईओ और कलेक्टर के आदेश का हवाला और प्राइवेट बैंक का भारी भरकम फायदा बताकर छुईखदान ब्लाक के अलग अलग शालाओं में कार्यरत शिक्षकों को चालीस पचास किमी दूर खैरागढ़ शहर में सेलरी खाता खुलवाया जा रहा है। रामलाल साहू ने कहा कि छुईखदान ब्लॉक के जंगलपुर और धोधा संकुल समंवयक द्वारा दोनो संकुल अंतर्गत आने वाले शालाओं में पदस्थ शिक्षकों को भीषण गर्मी में बुलाकर सेलरी खाता खुलवाया जा रहा है जबकि विभागीय अधिकारियों द्वारा ऐसा कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया है।

### नहीं दिया गया है आदेश

एकाउंट बदलने किसी प्रकार का आदेश नही दिया गया है। शिक्षक अपनी सुविधानुसार बैंक का चयन कर सकते है।

**- लालजी द्विवेदी,** डीईओ

### सामान्य आवेदन देकर ले सुविधा लाभ

जिलाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि दोनों संकुल समंवयक अपनी मनमानी कर रहे है। चालीस पचास किलोमीटर दूर खैरागढ़ मुख्यालय में खाता खुलवाकर भविष्य में बैंकिंग लेनदेन करने में इतना दूरी तय करना पड़ेगा जबकि आरबीआई के नियमानुसार सभी बैंकों में शासकीय कर्मचारियों को सेलरी एकाउंट में दुर्घटना बीमा दिया जाता है इसलिए जिस कर्मचारियों का एकाउंट जिस बैंक में है उसी खाता को सैलरी एकाउंट में बदलने आवेदन देकर दुर्घटना बीमा का फायदा लिया जा सकता है परंतु विभागीय अधिकारियों का हवाला देकर खाता खुलवाया जा रहा है। फेडरेशन ने इस मामले में आपत्ति दर्ज करते हुए कहा है कि मामले में संबंधित विभागीय अधिकारी द्वारा किसी प्रकार का लिखित आदेश नही दिया गया है इसलिए बिना डर भय के जिस भी बेंक में उनका सेविंग एकाउंट है उसे सामान्य आवेदन देकर सेलरी एकाउंट मे बदलवा ले। इस संबंध मे उन्होंने बैंक फार्मेट डालकर सेविंग खाता को सेलरी अकाउंट में बदलने कहा है।

# उदयपुर में दुकान आबंटन, नियमानुसार करने के बाद भी ग्रापं को नोटिस जारी

- युवक कांग्रेस अध्यक्ष तिवारी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान ब्लाक के ग्राम पंचायत उदयपुर मे निर्मित व्यावसायिक परिसर के आबंटन को लेकर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जनपद का हस्तक्षेप बंद कराने की मांग की है। जिला युकां अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कहा कि उदयपुर में नवनिर्मित आठ दुकानो की नीलामी बाद आवंटन को जनपद पंचायत द्वारा निरस्त किया जा रहा है। कलेक्टर को सोंपे आवेदन में श्री तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत 8 लाख 92 हजार की लागत से 4 और पंचायत विकास मद से 7 लाख 30 हजार की लागत से चार नग मिलाकर कुल आठ दुकानों का व्यावसायिक परिसर बनाया गया है। निर्माण पूर्व उस जगह पर काबिज लोगों को आबंटन में प्राथमिकता देने का प्रस्ताव पंचायत द्वारा लिया गया था। उसी आधार पर शिक्षित युवा बेरोजगारों को दुकान आवंटित किया गया, लेकिन जनपद द्वारा ग्रापं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि परिसर निर्माण बाद आवंटन को लेकर ग्रामीणों को आमंत्रित किया, लेकिन एक व्यक्ति के द्वारा दुकानों की गुणवत्ता खराब होने की वजह से आबंटन निरस्त करने का आवेदन जनपद को दिया उस आधार पर नियमानुसार प्रक्रिया नही अपनाने का कारण बताते हुए आबंटन निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया गया।

### जिपं से मिले निर्देशों की अनदेखी

गुलशन तिवारी ने बताया कि ग्रापं द्वारा जिपं राजनांदगांव में परिसर के मूल्यांकन सत्यापन और पूर्णता प्रमाण पत्र साथ आवेदन प्रस्तुत करने पर जिपं द्वारा शासन के नियमानुसार परिसर आबंटन का आदेश दिया गया। इसके बाद बकायदा मुनादी, सूचना प्रकाशन सहित सार्वजनिक जगहों पर इश्तहार चस्पा कर पात्र हितग्राहियों के नामों पर दावा आपत्ति के लिए सात दिनों का समय दिया गया। इसके बाद भी पुनः उसी शिकायकतकर्ता के आवेदन पर जनपद पंचायत ने 11 मार्च को आबंटन निरसत कर जॉच टीम का गठन कर एक सप्ताह में प्रतिवेदन देने कहा, लेकिन आज दिनांक तक किसी प्रकार का प्रतिवेदन दल द्वारा नही दिया गया है। इसके अलावा एक दुकान को पैसे लेकर आबंटन की शिकायत पर 15 अप्रैल को जनपद पंचायत ने ग्रापं को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि परिसर निर्माण से लेकर आबंटन तक शासन के सारे निर्देशों का पालन हुआ है, लेकिन दुकान नही मिलने से क्षुब्ध व्यक्ति द्वारा लगातार आवेदन देकर प्रक्रिया को उलझाया जा रहा है। श्री तिवारी ने कहा कि जब ग्रापं द्वारा सर्वसम्मति से दुकान आबंटन किया गया है तो जनपद बार-बार आबंटन निरस्त क्यो कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में हितग्राहियों के साथ-साथ ग्रामीण परेशान हो गए है।





# रश्मिदेवी सिंह कॉलेज में शत-प्रतिशत मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मिदेवी सिंह और नवीन कन्या महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदान का संकल्प लिया। प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे और छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन को लेकर शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाया गया। प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे ने छात्र छात्राओं को खुद मतदान करने के साथ साथ आसपास के मतदाताओं को भी वोट करने प्रेरित करने कहा। छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व को रेखांकित करते हुए लोकसभा चुनाव मे मतदान तिथि पर अनिवार्य रूप से शत प्रतिशत मतदान करने कहा। वही प्रजातंत्र में प्राप्त अधिकारों के साथ मतदान के कर्तव्य बोध से भी अवगत कराया। इस दौरान प्रो आरएल देवांगन कन्या महाविद्यालय, सुरेश धनगर, होमन साहू, धरमपाल वर्मा, नरेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व कालेज स्टाफ के लोग उपस्थित थे।

### मुरमुंदा में भंडारा आज

**मुरमुंदा।** मुरमुंदा में श्री राम भक्त युवा समिति ने हनुमान जयंती के आयोजन की कड़ी में कल 23 अप्रैल को हनुमान मंदिर में महाआरती, रक्तदान शिविर एवं भंडारा का आयोजन किया है। आयोजकों ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की आव्हान किया है। इसी क्रम में सोमवार को भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई।

# कांग्रेस-भाजपा ने जनसंपर्क कर प्रचार में झोंकी ताकत



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लोकसभा चुनाव मे मतदान तिथि करीब आते-आते दोनों राजनैतिक पार्टी कांग्रेस भाजपा के नेताओं की सक्रियता बढ़ गई है। भाजपा नेता सुबह से देर रात तक चौक चौराहों और मुहल्लों में बैठक लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को लेकर समर्थन मांग रहे है, वहीं कांग्रेसी मोदी सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए वोट मांग रहे है। इसी कड़ी में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने खैरागढ़ ग्रामीण मंडल भाजपा के अंतर्गत आने वाले बाजगुड़ा, डोकराभाठा और खैरबना पहुंचकर बूथ समिति की बैठक ली और भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं व वर्तमान में प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा सभी के हित में किए गए महत्वपूर्ण निर्णय जिसमें मोदी की गारंटी को सर्वप्रथम प्राथमिकता से कार्य करते हुए किसानों को पिछला बकाया बोनस की राशि भुगतान, विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत सीधे खातें में एक हजार रुपए हर महीने व किसानों को एकमुश्त धान अंतर की राशि मिलने से हुए किसानों को फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सदैव सभी वर्ग के हित में कार्य कर रही है। मोदी सरकार को लाने सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में सभी घरों में जाकर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धि को बताए। इस दौरान भाजपा नेता विकेश गुप्ता, केशव चंदेल, नरेंद्र श्रीवास, रामकुमार जोशी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी, अनूपलाल वर्मा, पारख कोसरे सहित भाजपाई उपस्थित थे।

### भाजपा राज में बंद शिक्षा का द्वार कांग्रेस ने खुलवाया : विप्लव



कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल के के पक्ष में जिपं सभापति और कांग्रेस नेता विप्लव साहू ने मुढ़ीपार, जालबांधा, करमतरा, टिंगामाली, खजरी, कांचरी, बेंद्रीडीह, खम्हारडीह, चांदगढ़ी और पांडादाह में जनसंपर्क बाद बैठक ली। जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल में 300 के लगभग स्कूल और कॉलेज शुरू करवाया, शिक्षा प्रणाली में बदलाव किया जबकि सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय पांच साल में चार स्कूल भी नहीं खुलवा पाए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सूचना और शिक्षा का अधिकार सहित खाद्य सुरक्षा अधिकार लेकर आई। क्रांतिकारी कदम उठाते हुए मनरेगा शुरू किया जो आज ग्रामीणों को रोजगार दे रही है। वहीं मोदी सरकार सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में बेचने का काम किया है। उनके दस की सरकार में एक भी जनहित की कोई योजना जमीन पर नहीं दिखाई दे रही है। इस दौरान मंशाराम सिमकर, संदीप सिरमौर, मधुसूदन साहू, चंदन वर्मा, गैंदलाल कुर्रे, अवध वर्मा, घनश्याम सिन्हा, पारस साहू, संतोष तोड़े, भागचंद सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

### भूपेश के लिए समर्थन मांगने विधायक कर रही जनसंपर्क



लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में मतदान की अपील करते विधायक यशोदा वर्मा विधानसभा के लगभग सभी गांव और शहर के वार्डों में सघन जन संपर्क कर रही है। वनांचल के बीरुटोला, देवरचा, बकरकट्टा, चोभर, रामपुर, आमगांव, खादी, देवपुरा, सहित आसपास के दर्जनों गांवों में पहुंचकर विधायक यशोदा वर्मा ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को चार्ज किया और घर-घर जाकर समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में बहुत कुछ दिया है। उनके जनहित के कामों को जनता नहीं भूली है। कांग्रेस के 5 न्याय सहित विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के क्रियांवयन को लेकर जारी घोषणा पत्र को लेकर जनता के बीच कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने कांग्रेस के जांबांज पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी की धर्मपत्नि मुक्तेश्वरी बघेल, पुत्री स्मिता बघेल, जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, आरती महोबिया, आकाशदीप सिंह, भीखमचंद छाजेड़, नीना विनोद ताम्रकार, संजय महोबिया, मोतीलाल जंघेल, नीलांबर वर्मा, गिरवर जंघेल, रामकुमार पटेल, हेमंत वैष्णव, गुलशन तिवारी, सज्जाक खान, प्रकाश महोबिया, अशोक जंघेल, लिखन जंघेल, पूरन सारथी, रहविंद्र सिंह गुड्डा, भरत चंद्राकर, ओम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# मोहड़ में भाजपा की चुनावी सभा

## देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



मोहड़ में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा को मंत्री लखन लाल देवांगन ने संबोधित करते हुए प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में मतदान करने लोगों को प्रेरित किया।

सभा में भाजपा पर अपनी निष्ठा जताते हुए देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष अकबर राम देवांगन ने मंत्री श्री देवांगन के समक्ष भाजपा प्रवेश किया।

सभा में पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, लोकसभा चुनाव के सह संयोजक दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, पवन जैन, चुन्नी यदु, गुलशन हिरवानी, जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु, जेठू लोढ़ा, ओमेश यदु, ललित देवांगन, रोशन देवांगन, चंद्रशेखर वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे।

# बैठक में बूथ मजबूत करने का निर्णय

- कोमल जंघेल ने किया तूफानी दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



मतदान की तिथि करीब आने के बाद शनिवार- रविवार को पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने छुईखदान मंडल के अनेक बूथों में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेक़र बूथों को जिताने की योजना बनाया।

बैठक में घर घर मोदी के संदेश को पहुंचने, डोर टू डोर संपर्क करने, मतदान के दिन मतदाताओ को केन्द्र तक पहुंचाने की सुविधा, एजेंट बनाने आदि विषयो पर चर्चा किया गया। उन्होंने बुढानभाट, धारिया, श्यामपुर, गोपालपुर, शिलपट्टी, पद्मवतीपुर, आमाघाट कादा, बोराई, कुटेली कला, साल्हेकला, कोटरा, सुराडबरी, मैंनहर, कोहलाटोला, कानिमेरा, खुड़मुड़ी, बघमरा, बाई कटोरी, सड़क अतरिया, खैरानवापारा, संडी, बेलगाव, खोघा, जंगलपुर, मानिकचोरी, चारभाटा, उदान, तेंदुभाटा, जोम, सीताडबरी में जनसंपर्क किया। इस दौरान प्रेम नारायण चंद्राकर, गिरिराज वैष्णव, पूरन जंघेल, नेतराम जंघेल, अवध जंघेल, भावेश कोचर, प्रकाश जंघेल, कृष्णकांत महोबिया, रोहित जंघेल, नरेश जंघेल, सीताराम ध्रुवे, ललित चोपडा, समारूराम जंघेल, ओमप्रकाश जंघेल, अशोक जंघेल, रोशन जंघेल, शत्रुघन साहू, खेलन जंघेल, प्रकाश वर्मा, मकसूदन साहू, देवशरण जंघेल, प्रेमलाल जंघेल, मनोज चंदेल, रामसूख साहू, राधे मोहन बैष्णव, महेश जैन, राजेंद्र शिवहरे, नेमु शिवहरे, अशोक साहू, दिवाकर सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## मंदिरों में पूजा-अर्चना सहित हुए विविध आयोजन

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



माई की नगरी में श्री हनुमान युवा समिति के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

उत्सव के पहले बाइक रैली निकाली गई। रैली महावीर मंदिर प्रांगण से निकली जो अंडरब्रिज होते हुए छिरपानी, बधियाटोला, कालकापारा, जयस्तंभ चौक, टॉकीज चौक, रेलवे चौक, इंदिरा नगर से बुधवारी पारा, गोल बाजार, भगत सिंह चौक, थाना चौक, कचहरी चौक, पुराना बस स्टैंड, भंडारी चाल, गोल बाजार, हनुमान चौक, सेठ पारा होते हुए वापस महावीर मंदिर पहुंची। यहां आरती के पश्चात समापन हुआ। रैली में मातृशक्ति एवं शक्ति वाहिनी की महिलाएं बडी संख्या में शामिल हुई।

प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव भी बाइक रैली में शामिल हुए। युवाओं के साथ नगर भ्रमण कर संबोधित किया। उन्होंने आयोजक हनुमान भक्त समिति के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रभु राम व वीर हनुमान को मानने के साथ हमे उनकी कही बातों पर अनुसरण करना आवश्यक है।

### बच्चों को बनाए शिक्षित

बौद्ध धर्म की महिलाओं ने केदारबाड़ी में डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवनकाल पर आधारित बच्चों के कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में शामिल होकर श्री यादव ने कहा कि हर समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। सभी अभिभावक अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं। श्री यादव ने कहा कि चुनाव आते ही विरोधी विकास की बात करना छोड़े लोगों में भ्रम फैलाने लगते है। संविधान में संशोधन की बात को नकारते हुए कहा कि इस तरह का भ्रम फैलाना बंद हो चाहिए। संविधान को कोई नहीं बदल सकता। इस मौके पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मंडल अध्यक्ष अमित जैन, मोनू भंडारी, अनिता लोकेश इंदुरकर, नागेंद्र परिहार, वीरेंद्र साहू, दुर्गेश साहू, लक्ष्मी यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### गर्मी में तप रहे आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

गर्मी बढ़ते के बाद शिक्षा विभाग ने एक सप्ताह पहले ही ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। वहीं महिला एवं बाल विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र अब भी संचालित हो रहे हैं।

छोटे छोटे बच्चे सुबह 7 से 11 बजे तक तपते हुए केन्द्र में बैठना पड़ रहा है। खैरा नवापारा सहित अन्य गांव में कुछ आंगनबाड़ी केन्द्र ऐसे है जिनका अपना भवन नहीं है। असुविधा से जूझते हुए केन्द्र संचालित किया जा रहा। कुछ केन्द्रों में कूलर, पंखा तक नहीं है, और है तो बिजली की समस्या है। पालकों की मांग है कि केन्द्र के बच्चों को भी रियायत एवं सुविधा उपलब्ध कराया जाए।

हरिभूमि
पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082


## सार समाचार

### हनुमान जन्मोत्सव आज



**सोमनी।** ग्राम सोमनी में कल 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर शीतला मंदिर प्रांगण में श्री हनुमान भक्तों ने तीन दिन पूर्व से श्रीराम लला हनुमान प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया है। मंदिर प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर में पूरे दिन हनुमान चालीसा का पाठ होगा। बाजे-गाजे एवं डीजे के साथ गली भ्रमण किया जाएगा। आखिरी में भोजन -भंडारा एवं प्रसाद वितरण होगा। सभी से हनुमान जन्मोत्सव में शामिल होने का आव्हान किया गया है।

### कांग्रेस प्रत्याशी बघेल आज राजनांदगांव में



**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव व मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिला के ग्रामों में कल 23 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल सुबह 10 बजे ककरेल, भेंडीकला, बोरी, डीलापहरी, इंदामरा, उसरीबोड़, मुड़पार, सुरगी, बुचीभरदा, मोखला, जांगलेसर, राजनांदगांव शहर में हनुमान जयंती कार्यक्रम व तत्पश्चात दैहान (छुरिया), आमाटोला, रेंगाकठेरा, कान्हे, पटेलपारा चौकी सांगली, बांधा बाजार, बादराटोला में जनसंपर्क करेंगे।

### पांडे आज कवर्धा व डोंगरगांव विस में

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे कल 23 अप्रैल को कवर्धा विधानसभा एवं डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क करते सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार भाजपा प्रत्याशी श्री पांडे सुबह 10 बजे कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सहसपुर से अपना जनसंपर्क अभियान प्रारंभ करेंगे। तत्पश्चात वे डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में मुलाकात करते चुनावी सभा के माध्यम से कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांगेंगे, फिर वे राजनांदगांव शहर में हनुमान जयंती रैली में शामिल होंगे।



### सफाई रखने और झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने दें समझाइश

# बाजार क्षेत्र का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ आज सुबह वार्ड नं. 26 व 27 में पैदल भ्रमण कर गोलबाजार क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर बाजार में प्रतिदिन साफ-सफाई रखने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने समझाईस स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। वहीं निर्माण कार्य देख जल्द पूर्ण कराने कार्यपालन अभियंता से कहा।

आयुक्त श्री गुप्ता गोल बाजार व गुडाखू लाईन क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर सफाई देख स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल से कहा कि बाजार भीड़भाड वाला क्षेत्र है, इसे ध्यान में रखते विशेष रूप से साफ-सफाई कराया जाए। सभी कर्मचारी प्रतिदिन समय पर उपस्थित रहे तथा मेडिकल अवकाश पर रहने वाले सफाईकर्मी की मेडिकल बोर्ड से जांच उपरांत ही अवकाश स्वीकृति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सब्जी पसरा वाले से झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने समझाईस दें।

वहीं फल व मछली पसरा वालों को सफाई रखने, दुकान व्यवस्थित रखने व सड़े-गले खाद्य पदार्थों का विक्रय नहीं करने समझाईस दें। आयुक्त गुप्ता निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान गोलबाजार में हाईटेक शौचालय निर्माण के लिए खुले रूप में शौचालय निर्माण करने ड्राईंग डिजाईन तैयार कर चुनाव के बाद काम शुरू करने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके को निर्देश दिए। उन्होंने गुडाखू लाईन में चल रहे नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ सभी निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, उप अभियंता अनूप पांडे, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी तथा स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

### मतदान केंद्रों में करें आवश्यक व्यवस्था



लोकसभा निर्वाचन 2024 चुनाव के लिए राजनांदगांव लोकसभा हेतु सुचारू मतदान के लिए नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज निगम सीमा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके एवं तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण की कड़ी में आयुक्त गुप्ता मतदान केन्द्र महेश्वरी भवन, भरकापारा स्कूल, चिखली स्कूल, नया व पुराना ढाबा स्कूल, मोतीपुर स्कूल एवं नवागांव स्कूल का जायजा लेकर तकनीकी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने प्रभारित वार्डों के मतदान केन्द्रों में सुचारू मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि जहां रैम्प नहीं है, वहां रैम्प बनवाएं। इसके अलावा बिजली, पानी तथा कुर्सी-टेबल की पर्याप्त व्यवस्था हो, इसका विशेष ध्यान रखे। मतदान केन्द्र क्रं., मतदाता संख्या आदि का स्पष्ट लेखन हो, गर्मी को ध्यान में रखते स्कूल मैदान में टेंट लगाएं। साथ ही मतदाता सहायता केन्द्र तथा संगवारी मतदान केन्द्र में भी सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों के आसपास साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान प्र. सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, उप अभियंता अनूप पांडे, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र. पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

### महावीर जन्म कल्याणक में बच्चों ने दी सहभागिता

**राजनांदगांव।** सकल जैन श्रीसंघ के बैनर तले प्रभु महावीर जन्म कल्याण महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में शांतिक्रांति संघ के श्रावक-श्राविकाएं, युवा व बच्चों ने अपनी सहभागिता दी।

शांतक्रांति श्रावण संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष सूरज गिडिया और महामंत्री राजेन्द्र जैन ने बताया कि कल्याणक समिति में संघ के महामंत्री राजेंद्र जैन को सचिव व महावीर संचेती को सांस्कृतिक व्यवस्था प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में कांतिदेवी संचेती, संगीतादेवी छाजेड, उज्वला गोलछा, रिमझिम, निकिता कांकरिया, अनुष्का-सक्षम-लब्धि गोलछा, कांतिदेवी संचेती शामिल थे। शांतक्रांति संघ के नैनसी सिंगी, धन्य भंसाली, लकी बोहरा, तनिष्का-लक्ष्य छाजेड, श्रेणिक-श्रेया, संचेती, रुचि-चार्वी नाहटा एवं गाम्या, धाड़ीवाल - दोहिती-सूरज गिडिया ने नेम-राजुल का विवाह नाटक में अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। संघ के उपाध्यक्ष राजू भंसाली ने नेम की बारात में बैंड, घोड़ी आदि की व्यवस्था की। साथ ही बच्चों को सम्मान राशि प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

# मानपुर में गरजे मुख्यमंत्री : कहा कांग्रेस ने केवल आदिवासियों को वोट बैंक समझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



आज मानपुर में चुनावी सभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आदिवासियों को कांग्रेस ने केवल वोट बैंक समझा, भाजपा ने आदिवासियों को सम्मान दिया, इसलिए आज इस मंच पर एक आदिवासी बतौर मुख्यमंत्री आपके सामने खड़ा है। उन्होंने कहा कि धान की राशि 3100 रुपए एकमुश्त देने का काम मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण में 5500 रुपए बोनस देने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। मोदी की गारंटी है कि जब तक सरकार है, माताए-बहनों को महतारी वंदन का पैसा मिलता रहेगा।

कांग्रेस को किसने रोका था बहनों के खाते में पैसे डालने से या आवास बनाने से क्यों नहीं किया, आज अगर कांग्रेस ने जनसेवा का कार्य किया होता तो आज हमको प्रधानमंत्री सड़क, हर घर बिजली पहुंचानी नहीं पडती, आदिवासी समाज सदैव अंचल में रहकर जीवनयापन करता है। ऐसे में आदिवासी की पीड़ा कोई समझ सकता है, वो मोदी हैं, जिन्होंने आदिवासी समाज की एक महिला को देश का सर्वोच्च स्थान दिलाया। आज छत्तीसगढ़ की राजनीति में विशुद्ध आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाया है। अब मैं प्रदेश में सभी समाज का विकास एक साथ करूंगा और आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का शपथ लेता हूं। चुनाव में भाजपा 400 सीट पार का लक्ष्य लेकर चल रही है। वहीं विपक्ष हमारे सीटें कुछ कम रहेगी, इस बात की चर्चा मात्र कर रही है। चुनाव जीतने का सोचना तो दूर की बात है। अगर वनांचल में विकास की गंगा बहानी है, तो डबल इंजन की सरकार की जरूरत है, इसलिए 3 नंबर पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को विजयी बनाना है। आमसभा में मधुसूदन यादव, अशोक चौधरी, संजीव शाह, गीता घासी साहू, नम्रता सिंह, भोजेश शाह, कंचनमाला, नरसिंह भंडारी, राधिका अंधारे, रेणू टांडिया, संगीता मिश्रा, प्रकाश मिश्रा, ओम चांडक, गनपत चांडक, राजहंस मंडावी, प्रवीण मंडावी, देव नेताम, कमलेश सारस्वत, रमेश हिडामे, लखन कलामे, लललन मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अखंड रामायण से जन्मोत्सव की शुरूआत

**राजनांदगांव।** गंज लाईन स्थित सिद्धपीठ श्री बालाजी हनुमान मंदिर में आज सुबह अखंड रामायण के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव की शुरूआत हुई। कल 23 अप्रैल को प्रभातफेरी, अभिषेक और भजन संध्या के साथ सवामणी भंडारा का भी आयोजन किया गया है।

श्री बालाजी हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी हनुमान प्रसाद शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह नौ बजे से अखंड रामचरित मानस पाठ शुरू हो गया है। कल सुबह नौ बजे इसका समापन होगा। 23 अप्रैल को सुबह चार बजे से सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है। सुबह साढ़े पांच बजे मंदिर परिसर से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। सुबह आठ बजे से श्री बालाजी का अभिषेक एवं पूजन होगा। प्रातः नौ बजे जन्मोत्सव एवं श्रृंगार आरती के उपरांत सुबह 10 बजे हवन पूजन कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 12 से 3 बजे तक सवामणी भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया गया है। शाम चार बजे से सामुहिक सुंदरकांड पाठ, रात्रि साढ़े सात बजे से महाआरती और रात को आठ बजे से खैरागढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक डॉ. विभाष पाठक द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज ने किया लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा : बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सचिन बघेल ने बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान पर बैंक में फर्जी तरीके से नियुक्ति करने और 74 लाख रुपए का फर्जीवाड़ा किए जाने का आरोप लगाया है।

भाजपा के चुनाव कार्यालय में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में श्री बघेल ने कहा कि अध्यक्ष की नियुक्ति में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम नहीं होता है, फिर भी इस आयोजन पर उन्होंने सहकारी बैंक के 3 लाख खर्च कर दिए। वहीं अपने साले को दैनिक वेतन भोगी के कर्मचारी के रूप में बैंक में नियम विरूद्ध नौकरी लगा दी। वहीं उन्होंने इसके बाद बैंक में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की बड़ी पैमाने पर भर्ती करते 55 कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी। यह भी नियुक्ति नियम को परे रखकर की गई। इन फर्जी नियुक्तियों में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को लगभग एक करोड़ रुपए का भुगतान बैंक की शाखा को नुकसान पहुंचाकर किया गया। वहीं भर्रेगांव में किसान सम्मेलन के नाम पर 13 लाख रुपए बैंक के खर्च कर दिए गए। उन्होंने आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम ठेकुआ में आयोजन कर मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यक्रम किया गया था। जिसमें लगभग 10 लाख रुपए का खर्च बैंक द्वारा कराया गया। वहीं तेलंगाना राज्य के किसानों को आमंत्रित कर कांग्रेस पार्टी का प्रचार-प्रसार करते बैंक के संसाधनों का दुरूपयोग नवाज खान द्वारा किया गया। इस पर भी 10 लख रुपए खर्च किया गया।

सचिन सिंह बघेल ने कहा है कि पूर्व अध्यक्ष नवाज खान द्वारा किए गए इन अनियमिताओं को लेकर पूरी जांच कार्रवाई की जा रही है और इस मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई और अनियमितताओं में खर्च किए गए रुपयों की वसूली भी होगी।

### बिना निविदा के बोलेरो वाहन की बिक्री

उन्होंने बताया कि दिल्ली में अमित शाह के नेतृत्व में एक सहकारिता की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें केवल अध्यक्ष को जाना था, लेकिन अध्यक्ष रहे नवाज खान ने अपने साथ 12 अन्य लोगों को हवाई यात्रा के माध्यम से दिल्ली ले गए, जिस पर भी 3 लाख का खर्च कर दिया गया। उन्होंने बताया कि नवाज खान द्वारा बैंक में उपलब्ध वाहनों में से दो बोलेरो वाहन जो कि अच्छे कंडीशन में थी, इसे भी बिना कोई निविदा के अपने रिश्तेदारों को बहुत ही कम कीमत में बेच दिया गया। जबकि बैंक के अति आवश्यक कार्यों के लिए उन वाहनों का उपयोग किया जाता था।

### निधन

**बीएल मारू**



**राजनांदगांव।** बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा संचालित मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ एवं लोक कलाकारों के उत्थान के लिए गठित मितान लोक कलाकार कल्याण संघ के अध्यक्ष राजेश मारू के बड़े भाई बीएल मारू का 22 अप्रैल को दोपहर में 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पूर्व में नगर निगम द्वारा संचालित सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उ.मा. शाला में सहायक ग्रेड-2 के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनका अंतिम संस्कार लखोली मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बर्फानी सेवाश्रम समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, सामाजिक बंधु, मोहल्लेवासी और अन्य संस्थाओं के सदस्यों ने दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भाजपा ने हमेशा किसानों को छला : भूपेश



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने जनता से भाजपा को अपने वोट की ताकत का अहसास कराने का आह्वान किया है। भूपेश ने इस दौरान डबल इंजन सरकार के अधूरे वादों को लेकर भाजपा को खूब घेरा।

डोंगरगढ़ विधानसभा में अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि 2014 में सरकार बनाने के पूर्व मोदी किसानों के लिए स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करने की बात किया करते थे, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की बात कहते थे, लेकिन आज किसानों की आय के बजाय किसानों की लागत दोगुनी हो गई है। हर साल 2 करोड़ रोजगार का दावा करने वालों ने देश को दशकों की सर्वोच्च बेरोजगारी दर दी है। किसानों को 2 लाख तक के कर्ज माफ का वादा करने के बाद भी उनके कर्ज माफ नहीं हुए, लेकिन अपने पूंजीपति मित्रों के लाखों-करोड़ रुपए माफ कर दिए गए। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में भी किसानों को बोनस के नाम पर छला, भूमिहीन मजदूरों को राशि के नाम पर छला, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के नाम पर छला। उन्होंने कहा कि भाजपा की राज्य सरकार ने किसानों को जहां अकाल के दौर का बोनस देकर झुनझुना पकड़ाया। वहीं मजदूरों को सालाना 10,000 रुपए देने के वादे के बाद भी कांग्रेस सरकार में मिलने वाले 7,000 रुपए भी छीन लिए। एक ओर जहां युवाओं से 2500 रुपए मासिक का बेरोजगारी भत्ता छीन लिया। वहीं गोबर खरीदी बंद कर महिलाओं से आय का स्त्रोत छीन लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग को केवल और केवल बेवकूफ ही बनाया है और अब भाजपा सरकार की नजर गरीब परिवारों के राशन पर है। भाजपा एक हाथ से महिलाओं को 1000 रुपए देगी तो दूसरी ओर उन्हीं माताओं-बहनों के चावल पर डाका डालेगी और यह बात खुद नए राशन कार्ड पर भाजपा की सांय-सांय सरकार ने सरकारी मुहर लगाकर स्वीकार की है।

# आचार संहिता के उल्लंघन में तत्काल कार्रवाई हो : कांग्रेस



**राजनांदगांव।** संसदीय क्षेत्र में भाजपा लगातार आचार संहिता का उल्लंघन पोस्टर, सोशल मीडिया, वीडियो, सभा के भाषणों में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के खिलाफ अनर्गल प्रचार करते धार्मिक चित्रों, हेट स्पीच सहित वर्ग विशेष में शत्रुता पैदा करने बयानबाजी कर रहे हैं। लगातार कांग्रेस द्वारा शिकायत करने के बाद भी निर्वाचन तत्काल जांच कार्रवाई नहीं कर रही है। इस मुद्दे को लेकर आज भूपेश बघेल के निर्वाचन अभिकर्ता गिरीश देवांगन, विनोद वर्मा, लोकसभा प्रभारी प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, रुचिर गर्ग, विद्याभूषण शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे, महापौर हेमा देशमुख, लोकसभा वार रूम प्रभारी जितेन्द्र मुदलियार, आयुष पांडे, शुभम शुक्ला, रीना पटेल आदि ने रिटर्निंग आफिसर को दस्तावेजी शिकायत पेन ड्राइव सहित कर कार्रवाई की मांग की है। रूपेश दुबे ने बताया कि कांग्रेस नेताओं ने समवेत स्वर में कहा कि जिस प्रकार से आचार संहिता का उल्लंघन भाजपा राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में कर रही है, वह स्वस्थ निर्वाचन के लिए घातक है। तत्काल कार्रवाई न होने से वर्गों के बीच में वैमनस्यता एवं कांग्रेस प्रत्याशी की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।




# युगांतर में उद्यमिता के गुणों को विकसित करने कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



युगांतर पब्लिक स्कूल में लॉ ग्रेजुएट विद्यालय के पूर्व छात्र लक्षित सेठिया ने कक्षा 12वीं के साइंस, कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज के विद्यार्थियों के लिए उद्यमिता तथा स्टार्ट अप उद्यमों की जटिलता विषय पर एक कार्यशाला संचालित की।

उन्होंने कार्यशाला के गतिशील सत्र को प्रभावशाली ढंग से संचालित करते सर्वप्रथम स्वयं की सफलता की यात्रा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि आप सभी इससे प्रेरणा ले सकते हैं। उन्होंने उद्यमिता के गुणों को विकसित करने आवश्यक सिद्धांत साझा किए। उन्होंने प्रभावशाली सत्र के दौरान सफल स्टार्टअप संस्थापक के रूप में स्वयं के अनुभवों को साझा किया। जिसमें उन्होंने रास्ते में आने वाली चुनौतियों का सामना करते विजय प्राप्त करने की स्वयं की कहानी बताई।

उन्होंने बताया कि डिजिटल मार्केटिंग, नेटवर्किंग और मजबूत जनसंपर्क बनाने जैसे क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता ने सभी जनमानस को मंत्रमुग्ध और प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उनसे विचारोत्तेजक प्रश्न पूछे। उन्होंने सफल व्यवसाय स्थापित करने और उसे बनाए रखने का व्यवहारिक मार्गदर्शन प्राप्त किया।

लक्षित सेठिया के प्रभावशाली सत्र ने विद्यार्थियों के बीच उद्यमिता के गुणों को विकसित करने एक नया उत्साह जगाया। उनमें नवाचार और नेतृत्व के गुणों को विकसित किया।श्री सेठिया ने विद्यालय के ज्ञानवर्धक योगदान को याद किया। उन्हें विद्यालय के शिक्षकों ने सदैव प्रगति करने प्रेरित किया। उन्होंने अपने आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी उद्यमशीलता यात्रा सफलतापूर्वक शुरू करने विद्यालय का आभार माना।

कार्यशाला को आयोजित करने में दीप्ति बिंदल ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. मधु पोनुगोटी, दिनेश प्रताप सिंह, तरूण कुमार महापात्रा, भावा रमेश, शुभम पांडे, रिंकी भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन शालिनी नायर ने किया। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा सहित युगांतर परिवार ने कार्यशाला के सफलतापूर्वक आयोजित होने पर हर्ष प्रकट किया है।






## खबर संक्षेप

### पालयन से लौटे श्रमिकों का किया गया सम्मान

**हरिभूमि चिल्फी घाटी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें चिल्फी घाटी बस स्टैण्ड में टेंट लगाकर पलायन से लौटे श्रमिकों का श्रीफल व गुलाल तथा बैच लगाकर सम्मान किया गया। वहीं आगामी 26 अप्रैल को चुनाव के मध्य नजर सभी मतदान केन्द्र के अंतर्गत आने वाले गांव में जन जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिसमें बोड़ला से सहायक वीवी अधिकारी मल्लेश मरकाम द्वारा एवं ग्राम के सचिव दर्शनदास पलायन से लौटे मतदाताओं का सम्मान किया।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय तांत्रिक सम्राट)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

### कार्रवाई: तोते के बच्चों का अवैध व्यापार ,16 नग तोता जब्त

# वन्य प्राणी के अवैध व्यापार करने पर वन विभाग ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वन्य प्राणी तोता का घरों में पिंजरो में बंदकर पाला जाना एक आम बात है, किंतु सर्व सामान्य को यह ज्ञात होना चाहिए की तोता एक वन्य प्राणी है। जिसे वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत संरक्षण प्रदान किया गया है। वन्य प्राणी तोते को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची 2 में स्थान दिया गया है। तोता का शिकार करना, व्यापार करना या पालना कानूनन अपराध है।

जिस पर वन मंडल अधिकारी शशि कुमार ने बताया कि वन्य प्राणियों के अवैध व्यापार को अंकुश लगाने वन विभाग सतत-सजग रहता है, इसी क्रम में वन विभाग ने अपना गुप्तचर तंत्र भी सक्रिय कर रखा है। जिस पर 16 अप्रैल को गुप्तचर से तोते के बच्चे का अवैध व्यापार के उद्देश्य से परिवहन होने की सूचना वन विभाग को प्राप्त हुई। वन विभाग की टीम द्वारा कवर्धा की ओर आते एक बाइक को बांधा बैरियर में रोककर जांच पड़ताल की गई। जांच के दौरान पाया गया कि बोरे में 16 नग तोते के बच्चे को रखकर बेचने के उद्देश्य से कवर्धा ले जाया जा रहा है, वहीं आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

#### प्रकरण दर्जकर कार्रवाई की गई



वन्य प्राणियों के अवैध व्यापारियों पर वन विभाग वाहन एवं वन्य प्राणी तोते को तत्काल जप्तकर राजेंद्र वर्ल्ड सिद्ध राम निवासी गंगानगर कवर्धा निवासी एक अन्य के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 17164/ 20 कर 16 अप्रैल को दर्ज किया गया। उक्त प्रकरण दर्जकर जांच की कार्यवाही की गई एवं प्रकरण में अभियुक्तों के रिमांड पर सोमवार को प्रकरण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला कबीरधाम के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अन्वेषण जारी है अन्वेषण पूर्ण होने उपरांत अंतिम परिवाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# वनांचल क्षेत्र ग्राम नेऊर से कांग्रेस ने भरी हुंकार भूपेश को भारी मतों से वियजी बनाने की अपील



■ पूर्व मुख्यमंत्री की उपलब्धियों को ग्रामीणों को अवगत कराय: श्री बैज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

पंडरिया विधानसभा केंद्र ग्राम नेऊर मे सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा वनांचल क्षेत्र ग्राम चारों ओर पहाड़ी से घिरा है जहां आसपास के 40 गांव के लोग यहां बाजार आते हैं इस क्षेत्र में बैगा आदिवासी के लोग शत-प्रतिशत निवासरत हैं।

आनंद सिंह ने कहा कि भूपेश सरकार ने पांच वर्षों में गांव-गरीब और किसान के लिए अभूतपूर्व काम किया है, राजनांदगांव कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सांसद के लिए खड़े हुए हैं उनको अपना मत देकर भारी बहुमत से विजयी बनाएं। पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनती है तो महालक्ष्मी योजना के तहत प्रत्येक महिला को सालाना 1 लाख रुपए दिया जाएगा।

वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व मुख्यमंत्री की उपलब्धि बताकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने अपील की गई। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, नीलकंठ चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, आनंद सिंह ठाकुर, ललित ध्रुर्वे, इतवारी राम मछिया, डोमन सिंह, चैतराम परस्ते, राधेलाल भास्कर, रमेश मरावी, कृष्णा पुसाम, हरीश मुराली, अनिल बोरिया, रामकृष्ण कृषे, संतराम यादव, सतीश कोठारी, परशुराम माठले, कुई जोन के समस्त कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सेक्टर व बूथ प्रभारी के साथ आसपास क्षेत्र के ग्रामवासी गण भारी संख्या में उपस्थित थें।

## महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष व सांसद दीपक बैज का पुष्पगुच्छ से किया स्वागतः सीमा अनंत



**हरिभूमि कवर्धा।** कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज का कवर्धा आगमन पर श्रीमती सीमा अनंत महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में महिला टीम के माध्यम से भव्य फूल माला से स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर अध्यक्ष के साथ पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री योगी, प्रदेश सचिव शेख अनवरी, महामंत्री नारायणी टोंडर सहित महिला कांग्रेस के पदाधिकारी व महिला कार्यकर्ता गण उपस्थित थें। राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में समर्थन जुटाने में पहुंचे, श्रीं बैज का महिला नेतृत्व द्वारा स्वागत से खुशी जाहिर किया और चुनाव में जोर शोर से कार्य करने कहा। साथ ही साथ भूपेश बघेल को भारी मतों से विजयी बनाने अपील की गई।

# जरुरतमंदों की सेवा व देश का विकास ही भाजपा का लक्ष्य है: भावना बोहरा

■ भाजपा अंत्योदय के लक्ष्य व सर्व जन के हित व अधिकार के लिए कार्य करने वाली पार्टी: विधायक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है, जिसे लेकर पार्टिओं की जनसंपर्क कार्यक्रम भी तेजी से चल रह हैं। इसी कड़ी में राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी संतोष पाण्डेय पंडरिया विधानसभा से भाजपा को बड़ी जीत दिलाने के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा भी लगातार अपने निर्वाचन क्षेत्र में जनसंपर्क कर रही हैं। सोमवार को उन्होंने ग्राम संडी, डोंगरिया कला, चारभाटा कला, बिशेसरा, रोहरा, घोघरा कला, खैरझिठी पुराना, झिरौनी एवं पाण्डतराई नगर में जनसंपर्क किया और 26 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील की।

इस दौरान विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा अंत्योदय के लक्ष्य के साथ सर्व जन के हित व अधिकार के लिए कार्य करने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नीतियों, जन कल्याणकारी योजनाओं, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं विकास कार्यों से भारत को एक नई दिशा दी है। हमारा भारत विश्व मे अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता ने भी भाजपा की इसी नीतियों को देखते हुए विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाई है और लोकसभा में भी प्रचंड मतों से भाजपा की सरकार बनाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में देश में जो विकास हुए हैं वो कांग्रेस 100 वर्षों में भी नहीं कर सकती। इन्हीं कुशल नीतियों, जन-कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदेश व प्रदेशवासियों के विकास हेतु केंद्र की मोदी सरकार और हमारी छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार विकासशील छत्तीसगढ़ को आने वाले समय में विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में जरूर सफल होगी। इसके लिए आप सभी का सहयोग भी अत्यंत ही महत्वपूर्ण हैं जब आप वोट देने जाएं तो जरुर सोचें की आपके घरों में शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छ जल, पक्के छत, किसान सम्मान निधि के तहत आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही साथ भारत के विकास को आगे ले जाने में भाजपा ने आप तक इन सुविधाओं को पहुंचाया है।

आने वाले समय में इन सभी कार्यों के साथ ही विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लिए किये गए संकल्पों को भाजपा जरुर पूरा करेगी। मोदी की गारंटी में किए गए वादे भी लगातार पूरे हो रहें हैं। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी कांग्रेस के शासन में अटके और लटके कार्यों को भाजपा सरकार ने स्वीकृति दी, सिंचाई के लिए जल से लेकर, पक्के घर, बुनियादी सुविधाएं और अच्छी सड़क, पर्याप्त बिजली देने का काम हमारी डबल इंजन की सरकार दे रही है। इसलिए 26 अप्रैल को आप सभी भाजपा को जरुर वोट दें और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर विकास की इस गति को आगे बढ़ाएं।

#### मुख्यमंत्री के सुशासन में प्रदेश की जनता उत्साहित

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाओं और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रदेश की जनता उत्साहित है, आज महिलाओं, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों एवं प्रत्येक व्यक्ति व वर्ग के लिए डबल इंजन की भाजपा सरकार एक विजन के साथ काम कर रही है, जहां छत्तीसगढ़ के सर्वांगिण विकास के साथ जनहित के लिए योजनाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो रहा है। मोदी की गारंटी में किए अपने वादों को पूरा करने के लिए लगातार कार्य करते हुए आज महतारी वंदन योजना, किसानों का बकाया धान बोनस, 31 सौ प्रति क्विंटल में धान खरीदी और तेंदूपत्ता संग्राहकों को 55 सौ रूपए प्रति मानक बोरा देने की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन हो रहा है और पीएम आवास योजना के तहत 18 लाख आवासों की स्वीकृति मिलने से जनता में एक नया विश्वास दिखाई दे रहा है।

# कक्षा नवमी की परीक्षा परिणाम घोषित



■ उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में सोमवार को कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में कुल अध्ययनरत 53 छात्र छात्राओं में से 45 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमे प्रथम श्रेणी में 18, द्वितीय श्रेणी में 04 व तृतीय श्रेणी में 09 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए। हाई स्कूल बरबसपुर कक्षा नवमी की परीक्षा परिणाम 58 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा नवमी में प्रथम स्थान विक्रांत पटेल ने 97 प्रतिशत, द्वितीय स्थान नीतू कोसरिया 89 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान वीणा कोसले ने 85.5 प्रतिशत प्राप्त किया।

जिस पर स्कूल के प्राचार्य लक्ष्मण मिरी ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहां कि जो कठिन परिश्रम करते है उन्हें हर जगह सफलता प्राप्त होती है, हमे कठिन परिश्रम निरंतर करते रहना चाहिए। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर शुभकामनाएं प्रेषित किया वहीं जो विद्यार्थी असफल हुए है उन्हें परिश्रम कर नए सिरे से तैयारी में जुट जाने को कहा गया। इस अवसर पर स्कूल के व्याख्याता सीमा वर्मा, वर्षा सोनी, कामना श्रीवास्तव, योगेश चौरिया व अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में परिणाम घोषित किया गया।

# भूपेश बघेल ने ग्राम भालूचुआ में किया संघन जनसंपर्क



■ तानाशाह सरकार को हटाने अब आम जनता ने ठान लिया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम भालुचुआ में राजनांदगांव सांसद कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लोकसभा चुनाव क्षेत्रांतर्गत कवर्धा में लगातार संघन जनसंपर्क व दौरा कर रहें है।

इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस महासचि व कवर्धा प्रभारी सूर्यप्रभा चेट्टियार ने बताया कि ग्राम भलुचुआ भूपेश बघेल की जनसंपर्क सभा में महिलाओं को केंद्र के कांग्रेस सरकार को लाने व भूपेश बघेल को जिताने का जज्बा देखते बनता है। ऐसा उत्साह व उमंग पूरे कवर्धा जिले में दिखा, सभा से पहले आकर अपनी जगह सम्हालते पुरुष-महिला को देखकर श्री बघेल के पक्ष में की पूरी संभावना दिखाई दे रही है। 2024 का यह चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है, लोकतंत्र को बचाने, आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा व तानाशाह सरकार को हटाने का अब आम जनता ने ठान लिया है।

इस जन सभा में महिला जिला अध्यक्ष सीमा अनंत, प्रदेश महिला प्रभारी शेख अनवरी, अघन अनंत सहित ग्राम भालूचुआ के गणमान्य नागरिक जिसमें वातांजली गोस्वामी, गणेश्वरी साहू, अजय सिंहा, तरुण साहू ने भी ग्रामीण क्षेत्र में जन संपर्क किया। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## दामापुर बाजार में संतोष पांडेय को विजयी बनाने किया जनसंपर्क



**हरिभूमि कुण्डा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कुण्डा अंतर्गत दामापुर बाज़ार में सोमवार को संघन जन सम्पर्क किया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल के अनेकानेक उपलब्धियों के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारियों दी गई। लोकसभा राजनांदगांव के भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सांसद संतोष पांडेय के पक्ष में भारी मतों से विजयी दिलाने लोगों से अपील की गई। जिसमें सोमवार को जन संपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से शक्ती केंद्र दामापुर प्रभारी सुमन ढीमर, शक्ति केंद्र दामापुर सह सयोजक नरेंद्र मल्लाह, बूथ प्रभारी दामापुर बाज़ार नारायण साहू, निंगापुर बूथ अध्यक्ष राजेश साहू, मौहामडवा बूथ अध्यक्ष रामगोपाल निषाद, मन्नू साहू, गणेश बनर्जी, प्रियांशु साहू, जनपद पंचायत पंडरिया सभापति अश्वनी यदु सहित बड़ी संख्या में भापजा के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें। छत्तीसगढ सरकार की उपलब्धि कवर्धा विधायक व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, की जनहितकारी कार्य जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। आम जन मानस में बीजेपी को लेकर जो उत्साह है ओर निश्चित ही एक ही बात कह रही है, अब की बार 400 पार। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### टमाटर...



**कवर्धा।** शहर सहित अंचल में शादी ब्याह के सीजन में साग सब्जियों के दामों में इजाफा हुई है। वहीं टमाटर 10-20 रूपए मिलने वाला टमाटर 30 से 40 रूपए प्रति किलों ग्राम से मिली रही है।

### तीन दिवसीय सतनाम कार्यक्रम में पंथी गीतों पर थिरके श्रद्धालु

# आज गुरु रुद्रकुमार जैतखाम में फहराएंगे श्वेत ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में प्रतिवर्षोनुसार की भांति इस वर्ष भी सतनामी समाज के अनुयायियों द्वारा बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास तथा भक्ति भाव के साथ गुरु घासीदास बाबा की भव्य तीन दिवसीय सतनाम महोत्सव मेला का आयोजन किया गया।

इस सतनाम मेले के पंथी गीतों का सम्राट प्रथम दिवस रविवार अशोक लहरिया व द्वितीय दिवस किरण भारती अपनी पंथी गीतों से सभी श्रद्धालुओं को रिमझिम बारिश में थिरकने के लिए मजबूर कर दिया, जिससे बारिश भी फिका पड़ गया। क्योंकि अनुयायी अपने पैर पंथी गीतों पर रात्रि 12 बजे से सुबह 6 बजे तक थिरकते झूमते रहे। वही समापन समारोह 23 अप्रैल को मुख्य मंदिर में जगतगुरु गुरुरुद्र कुमार द्वारा श्वेत ध्वज फहराकर सत्य, अहिंसा का प्रचार-प्रसार करेंगे और सतं शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की गुरुवाणी अपने जीवन में अपनाने उद्देश्य पूरे मानव समाज को देंगे।




#### तीन दिवसीय सतनाम मेले में उमड़ रही ग्रामीणों का जन सैलाब

तीन दिवसीय सतनाम मेले में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। हजारों की संख्या में अनुयायी मेले मे शामिल होकर भोजन भंडारे प्रसाद ग्रहण कर रहें हैं साथ ही साथ छोटे बच्चों से लेकर सभी के लिए मनोरंजन के लिए मेले में तरह-तरह की दुकानें सजाई गई है। इनमें सबसे ज्यादा लोग झूलों को पसंद करते दिख रहे हैं वहीं नन्हे मुन्हे बच्चे जपीक, हनुमान झूला, डासिक झूला में जमकर आनंद उठा रहें है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**हादसा:** बोड़ला थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 30 में घटी घटना

# तेज रफ्तार ट्रकों की भिड़ंत एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में रविवार की शाम से जारी सड़क दुर्घटना का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा। रविवार की शाम जहां जिले के भोरमदेव थाना क्षेत्र में ग्रामीणों से भरी एक छोटा हांथी वाहन पलट गई और करीब 15 ग्रामीण घायल हो गए वहीं सोमवार की सुबह जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में विपरीत दिशा आ रहे दो ट्रक आपस में भिड़ गए। दोनो तेज रफ्तार ट्रकों की इस भिडंत में एक चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 9.00 बजे ट्रक क्रमांक आरजे 11 सीजी 7004 जबलपुर से शिमला मिर्च भरकर रायपुर की ओर आ रहा था। वहीं ट्रक क्रमांक एचआर 73 ए 1571 लोहा लेकर रायपुर की ओर से जबलपुर जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान दोनो तेज रफ्तार ट्रक बोड़ला थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में स्थित बावादेव मंदिर के पास आपास भिड़ गए। दोनो ट्रकों के बीच हुई इसी सीधी भिड़ंत में शिमला मिर्च से भरे अज्ञात चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरे ट्रक का चालक गंीीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी तत्काल डॉयल 112 तथा बोड़ला पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जहां मृतक चालक का शव बरामद किया वहीं घायल चालक को तत्काल बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां उसका ईलाज जारी है।

**लम्बे समय तक जाम रहा नेशनल हाईवे**





जानकारी के मुताबिक हादेसे के बाद लोहे से भरे ट्रक का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने डायल 112 और बोड़ला थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक ट्रक ड्राइवर के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। वहीं घायल चालक को बोड़ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। दोनों वाहन चालकों के मालिक और परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। दुर्घटना के बाद नेशनल हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई थी, जिसके चलते काफी देर तक मार्ग के दोनो और वाहनो की लम्बी कतारे लग गई। बाद में पुलिस ने काफी मसक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनो को मार्ग से हटवाकर चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले इस नेशनल हाईवे को बहाल कराया गया।

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

- आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं मोदी : विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदीको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने व राजनांदगांव सहित 11 के 11 सीटो पर भाजपा प्रत्याशियों के लिए जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार मेहनत करते दिख रहे दिग्गजों में छत्तीसगढ़ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी अपने विधानसभा में चुनावी सभा कर भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में लगातार ताल ठोक रहें है।

सोमवार को विधायक विजय शर्मा ने खाम्ही, गांगपुर, मोहगांव दरगवां, पिपरिया सहित अनेक ग्रामो में जनसंपर्क कर सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान जिक्र करते हुए कहा कि वहां खाने के लाले पड़े हुए हैं, वहीं आज भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के 80 करोड़ लोगों को पिछले चार वर्षों से मुफ्त राशन की सुविधा दी जा रही है।

विजय शर्मा भाजपा उम्मीदवार संतोष पाण्डेय के समर्थन में एक राजनीतिक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा भारत की तुलना में बहुत कम आबादी पाकिस्तान में है वहां खाने के लाले पड़े हैं। वहीं भारत में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के 80 करोड़ लोगों को पिछले चार वर्षों से मुफ्त राशन की सुविधा दी जा रही है। गरीबो के पक्के मकान बनाये जा रहे है। उन्हें बेहतर निः शुल्क स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया जा रहा है, आईआईएम, आईआईटी और मेडिकल कालेज खोले जा रहे है। यह बदलते और नए भारत की तस्वीर है।

उप मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अब हमें विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत और ग्लोबल लीडर (वैश्विक नेता) के रूप में आगे बढ़ने के लिए लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करनी है, ताकि तीसरी बार फिर मोदी सरकार को देश का नेतृत्व सौंपकर ये लक्ष्य हासिल किए जा सकें। प्रधानमंत्री मोदी नए भारत के शिल्पी के रूप में विकसित भारतऔर आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं जिसके फलस्वरूप आज देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है तथा 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान और गौरव बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में जो परिवर्तन हो रहा है, वह अद्भुत और अभूतपूर्व है। यह परिवर्तन दुनिया के लिए कौतूहल और आश्चर्य का विषय बना हुआ है। यह प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच से ही संभव हो पाया है। विजय शर्मा ने कहा कि यह सब जनता द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों के इस्तेमाल से संभव हो पाया है। उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार के समर्थन में जनता से वोट मांगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### स्काउट गाइड ने चलाया जागरुकता अभियान

**कवर्धा।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता के लिये तरह-तरह की जतन किए जा रहे हैं। ताकि मतदान शत-प्रतिशत हो सके। इसी कड़ी में भोरदेव रोवर ओपन क्रू, मां सिंहवाहिनी रेंजर ओपन टीम के रोवर रेंजर व स्काउट गाइड ने सिग्नल चौक कवर्धा में मतदान सम्बंधित पोस्टर, श्लोक व नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। स्काउट गाइड, सीनियर स्काउट(रोवर) सीनियर गाइड (रेंजर) ने 18 वर्ष जब हो पूरी, मतदान करना बहुत जरूरी। मेरा वोट मेरा अधिकार, एक वोट से बने सरकार। भ्रष्टाचार से मुक्ति पाए, वोट देने जरूर जाए, चुनाव का पर्व, देश का गर्व जैसे श्लोक व नारों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए अपील किया गया। इस कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी, रोवर लीडर विजय कुमार साहू, गाइडर संजू मिश्रा, स्काउटर संतोष साहू, स्काउटर प्रियप्रकाश साहू, रेंजर लीडर सोनाली चंद्रवंशी, पुष्पांजलि, पुष्पराज, समीर, अनुजा, दामिनी, आराधना शामिल थे।

### चूना से भरा ट्रक पलटा बाल-बाल बचा चालक



**कुई/कुकदुर।** जिले के मध्यप्रदेश के बजाग-डिंडौरी जिले से जोड़ने वाली सड़क में रविवार की दोपहर को फिर हादसा हुआ है। कुकदूर थाने से आगे हनुमत खोल घाटी में ट्रक क्रमांक सीजी-07 सीएम 5945 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। किस्मत अच्छी थी कि पहाड़ की ओर पलटा, नहीं दो दूसरी दिशा में गहरी खाई थी। ट्रक में चूना भरा था, जो मध्यप्रदेश से छग के दुर्ग जिला जा रहा था। घटना में ट्रक के चालक-परिचालक को चोट लगी है। जिन्हें उपचार के लिए कुकदूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुकदूर पुलिस घटना की जांच कर रही है, रन की मदद से ट्रक को सीधा किया गया।

# बारात में फोड़े गए पटाखों की चिंगारी से कोठार में रखे पैरावट में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव निवासी एक ग्रामीण किसान के कोठार में रविवार की रात अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्नि दुर्घटना में ग्रामीण किसान का करीब पांच ट्राली पैरावट जलकर राख हो गया। बाद में घटना की सूचना डॉयल 112 और दमकल अमले को दी गई। लेकिन बताया जा रहा है कि कवर्धा से दमकल अमले के कोलेगांव पहुंचते तक आग ने अपना काम कर दिया था और पीड़ित किसान को बैठे बैठाए नुकसान उठाना पड़ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की देरशाम ग्राम कोलेगांव में एक बारात पहुंची थी बताया जाता है कि गांव में बरात निकलने के दौरान बारीतियों द्वारा आतिशबाजी की जा रही थी और इसी आतिशबाजी में से एक आतिशबाजी का जलता हुआ अवशेष स्थानीय ग्रामीण दिनेश पाण्डेय के कोठार में रखे पैरावट में गिरने से पैरावट में आग भड़क गई। ग्रामीणों ने बताया कि सूखे पैरावट में आग इतनी तेजी से भड़की की देखते ही देखते पैरावट भीषण आग के गोले में तब्दील हो गया। भीषण आग को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने अपने बूते आग पर काबू पाने के प्रयास किए लिए। आग इतनी ज्यादा थी की वे समय रहते आग पर काबू नहीं कर पाए। बाद में इसकी जानकारी तत्काल डॉयल 112 तथा दमकल अमले को दी गई। सूचना पाकर डॉयल 112 की टीम तो मौके पर पहुंचकर गई लेकिन दमकल को कवर्धा से कोलेगांव तक पहुंचने में काफी वक्त लग गया और तब तक सब कुछ खाक हो चुका था।

## बाजार...



**कवर्धा।** जिले के ग्रामीण अंचलों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में भी शादी विवाह की रौनक

# आशीष जैन सहित कई ने किया भाजप प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवगोड़ान

पंडरिया विधानसभा के ग्राम पंचायत कोदवागोडान में लोकसभा प्रत्यासी संतोष पाण्डेय के चुनावी सभा को संबोधित करने रविवार को पहुंचे छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह के समक्ष पंडरिया की विधायक श्रीमती भावना बोहरा के नेतृत्व में आशीष जैन, हरीराम कृपा साहू, दिलीप साहू भरत साहू, भोजराम साहू, इतवारी यादव, मुकेश धुर्वे, सुखनंदन, नरोत्तम साहू के साथ ही दर्जनों लोगों ने भाजपा की रीतिनीति तथा प्रदेश व केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में प्रवेश किए।

उल्लेखनीय है कि आशीष जैन रेल्वे आंदोलन से जुड़े रहे है, कोरोना काल में हेल्पिंग हेड्स के माध्यम से सेवा कार्य व अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते है। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा की सभी ने मोदी सरकार के कार्य शैली से प्रभावित होकर भाजपा ज्वाइन की है, साथ ही चुनाव में हमारी पार्टी को मजबूती मिलेगी। भाजपा पदाधिकारियों ने कोदवागोड़ान के मंच से इन नवप्रवेशियों का भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया और पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# फिर बदला अंचल को मौसम, बदली और बेमौसम बारिश ने गर्मी से दी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



बीते कई दिनो से कवर्धा सहित अंचल में पड़ रही भीषण गर्मी और तपिश के बीच सोमवार को एक बार फिर अचानक मौसम बदल गया। इस बदले मौसम में सोमवार की सुबह से जहां ही जहां कवर्धा के आसमान में बदली झाई रही वहीं लगभग पूरे दिन रूक रूककर बूंदा बांदी भी होते रही। जिससे न सिर्फ लोगों को भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत मिली बल्कि मौसम भी सुहाना हो गया। लेकिन माना जा रहा है कि मौसम साफ होने के बाद एक बार फिर लोगों को पहले से भी अधिक गर्मी और तपिश का सामना करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि पहले मार्च के महिने में और अब अप्रेल के महिने भी मौसमी अस्थिरता लगातार बनी हुई है। जिसके चलते मौसम बार-बार बदल रहा है। कभी भीषण गर्मी, तेज धूप और चटख धूप तो कभी आसमान में बदली, बेमौसम बारिश तो कभी ओला वृष्टि देखने को मिल रही है। अप्रैल माह के शुरूआती दिनो में हुई बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि के बाद अब अप्रैल माह के अंतिम दिनो में मौसम ने अचानक फिर यू टर्न ले लिया है कल तक जो भगवान भास्कर आग उगल रहे थे वे आज शांत बढ़ गए हैं और बादलों में छिप गय हैं। हालांकि ऐसा मौसम कब तक बना रहेगा फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता लेकिन फिलहाल लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन उमस हलाकान कर रही है।

# जुआरियों के फड़ में पुलिस की दबिश, जुआ खेलते धरे गए चार जुआरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुखबिर की सूचना पर साइबर सेल एवं पोंडी चौकी पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए चार जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हांथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए इन जुआरियों के पास से पुलिस ने 7980 रुपए नगद, 4 नग मोबाईल तथा 2 नग मोटर साइकिल जप्त की है। जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साइबर सेल को मुखबिर के जिरए इस बात की सूचना मिली थी की पोंड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बोधई कुंडा खार में कुछ लोग फड़ जमाकर रूपए पैसों का दांव लगा रहे हैं। इस सूचना पर साइबर सेल एवं एवं पोंड़ी पुलिस की संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर दबिस दी और मौके पर जुआ खेलते आरोपी श्रवण वर्मा पिता काशीराम आयु 35 साल निवासी बैहरसरी, मनीष वर्मा पिता आकाश वर्मा आयु 31 वर्ष निवासी बैहरसरी, फुलेश्वर वर्मा पिता जगदीश आयु 29 साल निवासी बैहरसरी तथा भुनेश्वर वर्मा पिता चतुर वर्मा आयु 34 वर्ष निवासी बैहरसरी चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम जुआ खेलते रंगे हांथों दबोच लिया। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 7980 रुपए नगद, 4 नग मोबाईल तथा 2 नग मोटर साइकिल जप्त की है। जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

**मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग के लिए दस प्रतिशत 41 केंद्रों में ट्रायल आज**

# जिले के 402 मतदान केंद्रों में लगाए गए सीसी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले के दोनो विधानसभा पंडरिया और कवर्धा के मतदान केन्द्रों मे भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में कुल मतदान केन्द्रों के 50 प्रतिशत 402 मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग की तैयारी पूरी कर ली गई है। विधानसभा 71 पंडरिया में 197 एवं 72 कवर्धा में 205 मतदान केन्द्र वेब कांस्टिग किया जाएगा। शहरी क्षेत्र के 82 और ग्रामीण क्षेत्र के 320 मतदान केन्द्र में वेब कांस्टिग होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। वेब कांस्टिग वाले मतदान केन्द्रों में नेटवर्क सहित सभी तकनीकी पहलुओं की जांच कर ली गई है। मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य की मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर जिला पंचायत में वेब कांस्टिग की मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले में 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। मतदान दिवस से पहले 23 अप्रैल को 10 प्रतिशत 41 मतदान केन्द्र में परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद 24 और 25 अप्रैल को सभी मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग प्रारंभ रहेगा। विधानसभा निर्वाचन के दौरान भी मतदान केन्द्रों में सफलता पूर्वक वेब कांस्टिग किया गया था। वेब कांस्टिग के निगरानी के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग से भी वेब कांस्टिग के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। यहां बताया गया कि चयनित प्रत्येक मतदान केंद्र में 2-2 कैमरे लगाए जाएंगे जिसमें एक कैमरा मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर स्थापित किए जाएंगे। इस कैमरे से मतदान के लिए कतार में लगे मतदाताओं की वेबकास्टिंग की जाएगी। दूसरा कैमरा मतदान केंद्र के अंदर वोटिंग बॉक्स के ठीक सामने इस तरह स्थापित किए जाएंगे जिससे वेबकास्टिंग में केवल मतदाता मतदान बॉक्स के अंदर मतदान करते दिखाई दे और ईवीएम मशीन न दिखाई दे। कैमरा मतदान के दिन मॉक पोल से लेकर मतदान समाप्ति तक चालू रहेगी। मतदान केन्द्र में मतदाताओं के दृश्यता वाले स्थानों पर आप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं लिखा पोस्टर चस्पा किये जाएंगे।




## नाली के आभाव में नहीं हो रही पानी निकासी

**इंदौरी।** ग्राम ंचायत दशरंगपुर के वार्ड नंबर 16 अंतर्गत पानी निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण हुआ है, लेकिन वार्ड के जिम्मेदार द्वारा नाली को कुलर जाल से बंद कर रखा है, जिससे पानी का निकासी नहीं हो पा रहा है। इस कारण यहां नाली जाम होने के साथ ही गंदगी भी जाम हो रही है। लाजमी है कि ऐसे में मच्छर भी भिनभिना रही है। यही हाल लंबे समय से रही तो बीमारी फैल सकती है। ऐसे में पंचायत के जिम्मेदार को इस समस्या से निदान के लिए कारगर कदम उठाने की जरुरत है।